# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–12

पंचम (बजट) सत्र
गुरूवार, दिनांक–12 मार्च, 2026 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 04.24 बजे अप० तक।
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.प्रश्नकालः–

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

**(कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या–20)**

(क) उत्तरित कुल–03

| | | |
|---|---|---|
| क्रम सं०–158, अ०सू०–17 | श्री जयराम कुमार महतो, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–159, अ०सू०–59 | श्री अरूप चटर्जी, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–160, अ०सू०–50 | श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन, | स०वि०स०। |

(ख) अनागत कुल–17,
क्रम सं०–161 से क्रम सं०–177 तक।

**(कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या–35)**

(क) उत्तरित कुल–02

क्रम सं०–289, श्री सरयू राय, स०वि०स०,
(अधिकृत प्रश्नकर्ता माननीय सदस्य, श्री जनार्दन पासवान, दिनांक–26.02.2026 से स्थगित।)
क्रम सं०–545, श्री चन्द्रदेव महतो, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल–33,
क्रम संख्या–546 से क्रम सं०–578 तक।

### 2.शून्यकाल–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाएँ निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

श्री भूषण तिर्की,
श्री संजय कुमार सिंह यादव,
श्री समीर कुमार मोहंती,
श्री सोमेश चन्द्र सोरेन,
डॉ० नीरा यादव,
श्री अनन्त प्रताप देव,

श्रीमती मंजु कुमारी,
श्री प्रदीप प्रसाद,
श्री राज सिन्हा,
श्री अरूप चटर्जी,
श्रीमती श्वेता सिंह,
श्री हेमलाल मुर्मू,
श्रीमती पूर्णिमा साहू,
श्री मनोज कुमार यादव,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री अमित कुमार यादव,
मो० ताजुद्दीन,
श्री कुमार उज्ज्वल,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्रीमती ममता देवी,
श्री अमित कुमार,
श्री राम सूर्या मुण्डा,
श्री संजीव सरदार,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री सुरेश पासवान।

**3.ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ:–**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना एवं उनपर दिये गये वक्तव्य निम्नवत् हैं–

i-माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii-माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार यादव एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii-माननीय सदस्य, श्री मथुरा प्रसाद महतो द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

**4.प्रथम पाली की सूचना:–**

माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल ने सूचना के माध्यम से जानना चाहा कि माननीय सदस्य, पूर्व सदस्य एवं माननीय सांसदों को सहकारिता समिति द्वारा दी जानेवाली जमीन के लिए रजिस्ट्री हेतु तीन दिन में पोर्टल खुलवाने का आवश्वासन माननीय संसदीय कार्य मंत्री के द्वारा दिया गया था जो अब तक नहीं खुला है इसपर माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके द्वारा राँची जिलाधिकारी से वार्तालाप हुई है जिसमें उनके द्वारा तकनीकी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कठिनाई जाहिर किया है जो खेदजनक है, पुनः उन्होंने निबंधन सचिव से वार्तालाप करके द्वितीय पाली में स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया,

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने सूचना के माध्यम से सदन को अवगत कराया कि आज के दिन 12 मार्च, 1930ई० में महात्मा गांधी के द्वारा दांडी मार्च एवं नमक सत्याग्रह का शुभारम्भ किया गया था जिसे याद करते हुए हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं साथ ही उन्होंने लम्बित ध्यानाकर्षण की सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए चलते सत्र के दौरान इसके लिए अतिरिक्त समय निर्धारित करने हेतु भी आसन से आग्रह किया।

**5.संसदीय कार्यमंत्री की घोषणा:–**

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा अवगत कराया गया कि तीन दिन पूर्व खाद्य आपूर्ति विभाग की माँग पर चर्चा के दौरान माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री बाबूलाल मराण्डी के द्वारा

अवगत कराया गया था कि साहेबगंज जिला के पतना प्रखण्ड के आदिम जनजाति के लिए एक करोड़ राशि के समतुल्य खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है जो अत्यंत गम्भीर विषय है इसपर मैंने जाँच कराकर पाया कि उनकी बातें सही है। पतना में पदस्थापित तत्कालीन एम.ओ. जो वर्तमान में सहकारिता पदाधिकारी, जामताड़ा में पदस्थापित हैं, को उनके इस कृत्य के लिये तत्काल प्रभाव से निलम्बित किये जाने की घोषणा सदन में की गयी।

## 6.आसन से सूचनाः–

आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आज **झारखण्ड विधान सभा** एवं **यूनिसेफ** द्वारा सभा सचिवालय स्थित प्रशासनिक समिति कक्ष में **"उच्च माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक असमानता पर गोलमेज परिचर्चा"** का आयोजन प्रथम पाली की समाप्ति के तुरंत बाद किया गया है जिसमें सभी माननीय सदस्यगण भाग लेने की कृपा करेंगे।

## 7.वित्तीय कार्यः–

आसन द्वारा पुकारे जाने पर जल संसाधन विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री हफीजुल हसन द्वारा जल संसाधन विभाग के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2027 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 23,16,82,41,000/–(तेईस अरब, सोलह करोड़, बयासी लाख, इकतालिस हजार) रूपये से अनधिक राशि की माँगें प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्य, श्री रोशन लाल चौधरी द्वारा इस माँग से सम्बन्धित कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 8.वित्तीय कार्य(क्रमांक–7 से जारी):–

आसन द्वारा पुकारे जाने पर अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत जल संसाधन विभाग के अनुदान की माँग पर वाद–विवाद में माननीय सदस्य, श्री रोशन लाल चौधरी द्वारा चर्चा प्रारम्भ किया गया जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लियाः–

श्री जिगा सुसारन होरो,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री राजेश कच्छप,
श्री सुरेश पासवान,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री जनार्दन पासवान,
श्री मंगल कालिंदी,

**(इस अवसर पर सदन की सहमति से सभा की कार्यवाही समाप्ति तक समय विस्तारित किया गया।)**

श्री मनोज कुमार यादव,
श्री सरयू राय,
श्री जयराम कुमार महतो।

वाद–विवाद के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री, श्री हफीजुल हसन द्वारा जल संसाधन विभाग की माँग पर सभा में सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

माननीय मंत्री महोदय के समुचित आश्वासन के पश्चात् माननीय सदस्य, श्री रोशन लाल चौधरी द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव वापस लिया गया तदुपरांत सभा द्वारा माँग स्वीकृत हुई।

## 9.द्वितीय पाली की सूचनाः–

माननीय सदस्या, श्रीमती रागिनी सिंह ने सूचना के माध्यम से सदन को अवगत कराया कि धनबाद स्थित बस स्टैण्ड को वहाँ से कतरास में स्थानान्तरित कर दिया गया है जिससे यात्रियों को बस पकड़ने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आमजनों की कठिनाई को देखते हुए धनबाद में ही उपलब्ध भूखण्ड पर बस स्टैण्ड बनाये जाने हेतु आग्रह किया गया।

माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने सूचना के माध्यम से सदन को अवगत कराया कि वर्ष–2008 में गढ़वा जिला में डंडा नामक प्रखण्ड बनाया गया था जिसका उद्घाटन स्व० शिबू सोरेन द्वारा किया गया था, परन्तु गढ़वा जिला उपायुक्त द्वारा इसे विलोपित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। स्थानीय लोगों की सुविधा के मद्देनजर इसे वापस लिया जाय।

**10.आसन से सूचना(क्रमांक–6 से जारी):–**

आसन द्वारा अवगत कराया कि दर्शक दीर्घा से संत जेवियर कॉलेज के बच्चे सभा की कार्यवाही देख रहे हैं जिनके उज्ज्वल भविष्य हेतु पूरे सदन की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित की जाती है।

पुनः आसन द्वारा सूचित किया गया कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री, डॉ० इरफान अंसारी द्वारा आज उनके सरकारी आवास पर **दावत–ए–इफ्तार** का आयोजन किया गया है जिसमें सभी माननीय सदस्यगण सादर आमंत्रित हैं।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक–13.03.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–12 मार्च, 2026 ई०।

रंजीत कुमार,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।